कलेक्टर ने बस शीघ्र पूरा करने को कहा

# नेहरू स्टेडियम : काम पूरा, बाउंड्रीवॉल अधूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के जिस नेहरू स्टेडियम के काम को अब तक पूरा हो जाना चाहिए था वो अब तक अधूरा है। 3 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले स्टेडियम में पैवेलियन का काम तो पूरा हो गया है, लेकिन बाउंड्रीवॉल अब तक अधूरी है। कलेक्टर नगर निगम के अधिकारियों के साथ शनिवार को निरीक्षण करने गए तो वे भी बस शीघ्र काम पूरा हो के रस्म अदायगी वाले निर्देश देकर लौट आए। ऐसे में खिलाड़ियों के सामने खेल के दौरान कार सीखने वालों से लेकर मवेशियों के आने की समस्या बरकरार है।



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में पोलो ग्राउंड निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया भी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्टेडियम की बाउंड्री वाल का कार्य शीघ्र किया जाए। उन्होंने मैदान के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी हटाने के महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए। इस दौरान नगर निगम के इंजीनियर भी उपस्थित रहे।

## करना पड़ रहा सामना

असल में स्टेडियम की बाउंड्रीवॉल नहीं होने से मवेशी तो जब मन आते ही है इसके साथ साथ कार सीखने वालों से लेकर बाइक रायडर्स भी आते हैं। ऐसे में बच्चों से लेकर बड़े जो विभिन्न प्रकार के खेल के लिए आते हैं उनके सामने बाउंड्रीवॉल नहीं होने से बड़ी परेशानी आ रही है। पत्रिका

पत्रिका 31/10/21

# निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हो

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर ने स्टेडियम निर्माण कार्य का अवलोकन किया



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहर में पोलो ग्राउंड निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया भी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्टेडियम की बाउंड्रीवाल का कार्य शीघ्र किया जाए। उन्होंने मैदान के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए। इस दौरान नगर निगम के इंजीनियर भी मौजूद थे।

प्रसारण

प्रसारण 31/10/21

# प्रत्येक विभाग अपने हितग्राहियों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें

रतलाम। जिले में सोमवार को कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान आयोजित कर 40 हजार लोगों को दूसरे डोज का वैक्सीनेशन कराने के निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने हितग्राहियों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करे। शासकीय विभागों में सभी आगंतुकों से दूसरा डोज लगवाने के संबंध में जानकारी ली जाए।

कलेक्टर ने सीएमएचओ डाक्टर प्रभाकर ननावरे को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल की ओपीडी में आने वाले लोगों से जानकारी लेकर टीके से वंचित लोगों अस्पताल में ही टीकाकरण किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, सीएमएचओ डा. प्रभाकर नानावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




**त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतें, मास्क लगाएं :** कलेक्टर आमजन से अपील की है कि वे त्योहारों के दौरान कोरोना गाइड लाइन का पालन करें। मास्क लगाएं तथा सभी को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें। वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। कलेक्टर ने कहा कि बाजार में व्यापार व्यवसाय करने वाले लोग बगैर मास्क के दिखाई दे रहे हैं जो उचित नहीं है।

नईदुनिया 31/10/21

# हनुमान ताल में मिल रहा नालियों का पानी



हनुमान ताल में मिल रहा रत्नपुरी कालोनी की नालियों का पानी। ● नईदुनिया

**रतलाम।** शहर के हनुमान ताल में रत्नपुरी कालोनी की नालियों का गंदा पानी मिल रहा है।

सुबह की सैर पर आने वाले नागरिक प्रेस क्लब उपाध्यक्ष राकेश पोरवाल, एनके गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, दिलीपसिंह आदि ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया से कालोनी का गंदा पानी हनुमान ताल में नहीं मिले, इसके लिए पर्याप्त उपाय करने की मांग की है। अन्यथा हनुमान ताल भी प्रदूषित हो जाएगा।

नईदुनिया 31/10/21

वैक्सीनेशन • हर सरकारी विभाग में आने वालों से कहेंगे- टीका लगवाकर आएं

# जिला अस्पताल की ओपीडी में पूछेंगे कितने टीके लगे

## विभागों में दूसरे डोज को लेकर होगी पूछताछ

## कल 40 हजार को टीका लगाने की तैयारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे डोज की रफ्तार धीमी हो गई है। इसे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। सरकारी विभाग में आने वाले लोगों से टीके के बारे में पूछताछ की जाएगी। इधर, 1 नवंबर को जिले में 40 हजार लोगों को टीके लगाने की तैयारी है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार को बैठक ली। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि हर विभाग अपने हितग्राहियों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। सरकारी विभागों में आने वाले से इस बारे में जानकारी ली जाएगी कि उन्होंने अपना कोविड का दूसरा डोज लगवाया है या नहीं। कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे को कहा जिला अस्पताल में ओपीडी में आने वाले लोगों से कोविड-19 टीका लगवाने की जानकारी ली जाए और जिन लोगों ने टीका नहीं लगाया है उन्हें तत्काल टीका लगाया जाए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी पात्र लोगों से कोविशिल्ड का दूसरा डोज 84 दिन के अंतर और को-वैक्सीन का दूसरा डोज 28 दिन के अंतर में लगवाने की अपील की है।

### त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतें

कलेक्टर ने कहा जिले के लोगों से अपील है कि वे त्योहारों के दौरान कोरोना गाइड लाइन का पालन करें। मास्क लगाएं और सभी को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें। जिनका वैक्सीनेशन ड्यू हो चुका है, वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। बाजार में व्यापार व्यवसाय करने वाले लोग बगैर मास्क के दिखाई दे रहे हैं जो ठीक नहीं है। कलेक्टर ने सभी से वैक्सीनेशन की अपील की। भास्कर

### कहां-कितना वैक्सीनेशन

| ब्लॉक | पहला डोज | दूसरा डोज |
|---|---|---|
| आलोट | 92.64% | 36.48% |
| बाजना | 71.74% | 22.04% |
| जावरा | 99.32% | 42.53% |
| पिपलौदा | 81.72% | 45.85% |
| सैलाना | 94.68% | 20.81% |
| रतलाम ग्रामीण | 90.80% | 41.62% |
| रतलाम शहर | 102.50% | 67.59% |

### आज यहां लगेगी वैक्सीन

रतलाम | जिले में कोरोना वैक्सीनेशन ज है। रविवार को जिला अस्पताल, एमसी अस्पताल, सीएचसी ताल, सीएच खारवाकलां और सिविल अस्पत आलोट में कोविड-19 का टीका लग जाएगा। शेष अन्य कहीं भी कोवि 19 टीकाकरण नहीं होगा। 1 नवंबर वैक्सीनेशन महाअभियान रहेगा।

### बिजली कंपनी ने गाइडलाइन के पालन की अपील की

रतलाम | बिजली कंपनी ने अपने 15 जिलों में कार्यरत सभी बिजली कर्मचारि अधिकारियों से कोविड प्रोटोकाल के पालन कर स्वयं और सभी को सुरक्षित रखने अपील की है। एमडी अमित तोमर ने बताया केंद्र व राज्य शासन ने सावधानी बर को कहा है। ऐसे में सभी बिजली कर्मचारी, अधिकारी घर के बाहर निकलने के दौ मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं। कंपनी के नियमित एवं आउट सोर्स मिलाकर 22 हज कर्मचारियों, अधिकारियों को पहला टीका लग चुका है। 13 हजार कर्मचारियों को दू टीका लग चुका है। टीम को कोविड प्रोटोकाल का अक्षरशः पालन करना होगा।

दै. भास्कर 31/10/21

## कलेक्टर ने स्टेडियम निर्माण कार्य का अवलोकन किया

# निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हो

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहर में पोलो ग्राउंड निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया भी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्टेडियम की बाउंड्री वाल का कार्य शीघ्र किया जाए। उन्होंने मैदान के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए। इस दौरान नगर निगम के इंजीनियर भी मौजूद थे।



इन्दौर

इन्दौर समाचार 31/10/21

# कलेक्टर ने किया स्टेडियम निर्माण कार्य का अवलोकन

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहर में पोलो ग्राउंड निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया भी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्टेडियम की बाउंड्री वाल का कार्य शीघ्र किया जाए। उन्होंने मैदान के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए। इस दौरान नगर निगम के इंजीनियर भी मौजूद थे।



राज एक्सप्रेस 31/10/21

विधायक से जुड़े फाउंडेशन ने पीएम आवास की मार्जिन मनी में 25 लाख का अंशदान दिया, काश्यप बोले-यह मेरे लिए सौभाग्य की बात

# दीवाली से पहले 75 परिवारों को डोसीगांव में मिला अपना घर

● रतलाम।

**आज बडे ही हर्ष का विषय है कि हम दीपावली के पूर्व शिव शंकर झुग्गी में रहने वाले 75 परिवारों को नवीन फ्लेट में गृह प्रवेश करवा रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने हितग्राहियों के बैंक लोन की मार्जिन मनी में प्रति हितग्राही 10-10 हजार रूपए के रूप में अब तक 25 लाख रूपए की सहायता दी है, जो मेरे परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। 25 लाख रूपए हितग्राहियों द्वारा भी जमा करवाए गए है। उनके पास मकान पहले भी था, लेकिन अब जो मकान मिला है, इससे न केवल पूरे परिवार का जीवन सुधरेगा अपितु बच्चों के बेहतर भविष्य का निर्माण भी होगा।**

उक्त उदगार विधायक चेतन्य काश्यप ने आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलब्ध में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के दौरान शिवशंकर कॉलोनी में निवासरत 75 परिवारों को डोसीगांव स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ईडब्ल्यूएस फ्लेटों में गृह प्रवेश कराने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये।

उन्होने कहा कि नये आवास में रहने से ये परिवार उन्नति करेंगे व इनके बच्चो का विकास होगा। श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर निगम पहला ऐसा नगर निगम है जो कि स्वंय की निधि लगाकर गरीबों के लिये आवास का निर्माण करवा रहा है, यह पुण्य का कार्य है इसके लिये नगर निगम आयुक्त व निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशंसा के पात्र है। गरीबों को आवास उपलब्ध कराये जाने में बैंकों ने भी पूरा सहयोग कर हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर को चेतन्य काश्यप जैसा सेवाभावी विधायक मिलना गर्व की बात है, क्योंकि वे राजनीति में सेवा के लिए ही आये है ओर प्रत्येक क्षेत्र में सेवा का कार्य कर रहे है। आज शिव शंकर कालोनी के 75 परिवारों को नया आवास मिलने से इनकी दीपावली निश्चित ही धूमधाम से मनेगी। झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ की सह संयोजक अनिता कटारिया ने कहा कि विधायक चेतन्य काश्यप की आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराये जाने की सोच अनुकरणीय है। पूरे देश में ऐसी ही सोच प्रधानमंत्री आवास योजना के रूप में आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध करा रही है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित किये गये ईडब्ल्यूएस फ्लेट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्लेट की कुल लागत 7.85 लाख है। इसमें केन्द्र व राज्य शासन से 1.50-1.50 लाख अनुदान के रूप में प्राप्त होते है व नगर निगम द्वारा 2.85 लाख की राशि लगाई जाती है। हितग्राही को सिर्फ मार्जिन मनी 20 हजार जमा कराना है,जिसमें आधी राशि विधायक श्री काश्यप द्वारा अपने फाउंडेशन से उपलब्ध कराई जा रही है। शेष 1.80 लाख की राशि का पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लोन स्वीकृत किया गया है। उन्होने शहर विधायक श्री चेतन्य काश्यप की सेवा भावी सोच की प्रशंसा करते कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पहले ही श्री काश्यप आवासहीन परिवारों को अहिंसा ग्राम मे आवास उपलब्ध करवाकर उनका जीवन स्तर सुधार चुके है। प्रारंभ में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा के अलावा निर्मल कटारिया, अनिता कटारिया, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, बंटी पितलिया, अरूण राव, भगतसिंह भदौरिया, मंगल लो?ा, प्रहलाद पटेल, मोहम्मद सलीम मेव, सोना शर्मा, पप्पू पुरोहित, आदित्य डागा, करण धीर्य बडगोत्या, मयूर पुरोहित, निलेश गांधी, कृष्ण कुमार सोनी, बलवंत भाटी, इब्राहिम शैरानी, मुबारिक शैरानी, बंटी वोरा, अनिता पाहूजा, राकेश परमार, बंटी शर्मा, पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रिय प्रबंधक पुष्पेंद्रसिंह राठौर आदि का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, रेसीडेंस इंजीनियर एजीस उज्जैन सलीम खान, निगम अधिकारी सुरेडचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, जी.के. जायसवाल, श्याम सोनी, एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, अरविन्द दषोत्तर, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, रामचन्द्र शर्मा, राजेश पाटीदार, मनीश तिवारी, ब्रजेष कुषवाह, श्रीमती अनिता ठाकुर, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, ए.पी. सिंह, किरण चौहान, पर्वत हाडे, विनय चौहान आदि ने किया। विधायक श्री काश्यप ने चन्द्रबाई-अर्जुन, कैलाषबाई-अमृतलाल, रेशमबाई-रामप्रसाद, सीमा-नन्दकिशोर वर्मा, संजूबाई-मांगीलाल, ज्योति-दिलीप राठी? सहित अन्य हितग्राहियों को फ्लेट की चाबी देकर पूजन करवाया और फीता काटकर गृह प्रवेश करवाया।



अग्निबाण 30/10/21

पत्रिका

## हनुमान ताल में मिल रहा सीवरेज का पानी, रोक नहीं

# सीवरेज: प्रमुख अभियंता ने ब्लैक लिस्टेड करने को कहा, यहां काम चलता रहा

पत्रिका सिटी इश्यू


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com




रतलाम. शहर में बगैर योजना बनाए सीवरेज का कार्य शुरू कर दिया गया। कुछ घर में आगे तो कुछ घर में पीछे की तरफ सुविधाघर बने हुए है। सीवरेज की पाइप लाइन को डालते समय इन बात का ध्यान ही नहीं रखा गया। ठेकेदार ने यदि एक माह के भीतर सारी स्थिति को ठीक करते हुए आगे नहीं बढ़ाया तो यह आवश्यक होगा कि अनुबंध की शर्त के अनुसार उसके खिलाफ यथायोग्य पेनेल्टी लगाई जाए। फिर भी काम में सुधार नहीं हो तो ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाए।

यह शब्द 15 अक्टूबर 2017 को जब सीवरेज कार्य का निरीक्षण शहर में मध्यप्रदेश के प्रमुख अभियंता प्रभाकांत कटारे ने किया था, उसके बाद दी गई अपनी लिखित रिपोर्ट में दिए है। इसके बाद भी सीवरेज कंपनी ने मनमर्जी से काम जारी रखा। इतना ही नहीं, शहर के प्राचीन धरोहर हनुमान ताल में सीवरेज का गंदा पानी मिलने का कार्य जारी है, लेकिन रोका अब तक नहीं गया है।

### सुधारने को कहा गया

मध्यप्रदेश के प्रमुख अभियंता कटारे ने जब निरीक्षण किया था, तब उनके साथ वैपकास कंपनी के टीम लीडर सुधीर कालरा, तत्कालीन आयुक्त एसके सिंह, ठेकेदार के प्रतिनिधि के साथ नगर निगम के इंजीनियर शामिल थे। तब टैंकर रोड, कस्तुरबा नगर, शिवशक्ति नगर, विनोबा नगर, निराला नगर, गीता मंदिर रोड पर दल ने निरीक्षण किया था। प्रमुख अभियंता ने अपनी रिपोर्ट नगरीय प्रशासन विभाग एवं विकास विभाग को सौंपी थी। ठेकेदार फर्म ने जो गंभीर कमी रखी है, तुरंत सुधारने को कहा गया, यह अलग बात है कि 2017 की रिपोर्ट पर न तब, न अब ध्यान दिया गया। जबकि शहर में 277 किमी की रोड को जर्जर तरीके से खोद दिया गया व अब मात्र 4 से 5 किमी का काम शेष है।

### शाम को ली बैठक

सीवरेज कार्य से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को नया बनाने के लिए ठेकेदार के साथ नगर निगम आयुक्त व इंजीनियरों ने पत्रिका की खबर के बाद शनिवार को बैठक की। बैठक में निगम इंजीनियर, वेपकॉस इंजीनियर व निविदाकार उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया 4 किलोमीटर डामर सड़क व 7.7 किलोमीटर सीसी रोड को नया बनाना है। आयुक्त झारिया ने इन सड़क को 25 नवंबर तक बनाने व 30 दिसंबर तक अनुबंध की सभी शर्तों को पूरा करने कहा गया है।

### बिंदु अनुसार बताई थी कमी प्रमुख अभियंता ने

- सीवरेज कार्य में कही 135 एमएम तो कही 150 एमएम के पाइप डाले गए। कही 1.5 तो कही 2 मीटर की खुदाई की गई।
- कार्य के निरीक्षण के लिए अलग से सरकारी अधिकारियों की तैनाती की गई, लेकिन किसी ने भी अपना काम ठीक नहीं किया।
- जहां जहां खुदाई की गई, उसके बाद रखरखाव अंसतोषप्रद पाया गया। जब तक रखरखाव की सामग्री नहीं हो, खुदाई नहीं की जाए, यह पहले ही बताया था, लेकिन ठेकेदार नहीं सुना।
- कही खुदाई में नीचे 45 सेमी तो कही 65 सेमी की चौड़ाई है, जबकि रखरखाव उस स्तर का नहीं किया जा रहा है। - कुछ घर में सुविधाघर आगे तो कुछ में पीछे है। इस बात का ध्यान रखें बगैर ही पाइप लाइन डाली गई है, जो गलत है। इससे भविष्य में गंभीर समस्याएं आएंगी।
- जो कार्य नजर आ रहा है, उ[से] साफ दिख रहा है कि पूरा कार्य बेतरतीबी से किया गया, इससे प[ता] चलता है कि ठेकेदार को इस प्र[कार] के कार्य का अनुभव नहीं है।

पत्रिका 31/10/21

# 17 रिपोर्ट में डेंगू का एक नया मरीज

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शुक्रवार को एलाइजा-जांच की 17 रिपोर्ट में डेंगू का एक नया मामला सामने आया। अब जिले में डेंगू के मामलों की संख्या 441 हो गई है। शहर में 457 से अधिक घरों में एडिज लार्वा सर्वे के दौरान 42 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। पानी टंकी, कंटेनर, बेकार टायर में भी डेंगू का लार्वा मिला।

जिला अस्पताल, बाल चिकित्सालय, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में भी डेंगू पाजिटिव के नए मामले सामने आए। प्लेटलेट्स की डिमांड भी बनी रही। शाम तक 75 से अधिक लोगों ने प्लेटलेट्स प्राप्त कर लिए थे। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि अभी नए मामले मिल रहे है। एंटीजन किट पाजिटिव मरीजों को संज्ञान में लेकर बचाव के लिए कार्रवाई की जा रही है। जगह-जगह दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है। साथ ही आमजन को भी बचाव के तरीके बताते हुए साफ-सफाई पर ध्यान देने की समझाइश दी जा रही है।

सिंघम

सिंघम 30/10/21

# 18 रिपोर्ट में डेंगू के दो नए मरीज

रतलाम। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शनिवार को एलाइजा जांच की 18 रिपोर्ट में डेंगू के दो नए मामला सामने आए। अब जिले में डेंगू के मामलों की संख्या 443 हो गई है। शहर में 496 से अधिक घरों में एडिज लार्वा सर्वे के दौरान 61 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। पानी टंकी, कंटेनर, बेकार टायर में भी डेंगू का लार्वा मिला।

जिला अस्पताल, बाल चिकित्सालय, शासकीय मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में भी डेंगू पाजिटिव के नए मामले सामने आए। प्लेटलेट्स की डिमांड भी बनी रही। शाम तक 60 से अधिक लोगों ने प्लेटलेट्स प्राप्त कर लिए थे। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि अभी नए मामले मिल रहे हैं। एंटीजन किट पाजिटिव मरीजों को संज्ञान में लेकर बचाव के लिए कार्रवाई की जा रही है। जगह-जगह कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है। साथ ही आमजन को भी बचाव के तरीके बताते हुए साफ-सफाई पर ध्यान देने की समझाइश दी जा रही है। शुक्रवार को 455 पानी की टंकी की जांच में 14 में लार्वा पाया गया। 1027 कंटेनर की जांच में 38 में लार्वा पाया गया। 409 बेकार टायरों की जांच में सात में लार्वा पाया गया। 222 कूलर की जांच में केवल एक में लार्वा पाया गया। 649 अनुपयोगी कंटेनर की जांच में 13 में लार्वा पाया गया। 400 एमएल टेमोफास दवा का छिड़काव किया गया।

नईदुनिया 31/10/21



# आक्रोशः फल-सब्जी विक्रेताओं ने अर्द्धनग्न होकर किया प्रदर्शन, मुर्दाबाद के लगाए नारे

रतलाम। मित्र निवास रोड एवं डॉट की पुल क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर फल, सब्जी सहित अन्य फुटकर व्यापार करने वालों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भगाने को लेकर शनिवार को जमकर आक्रोश देखा गया। आक्रोशित फुटकर व्यापारियों ने शनिवार दोपहर अर्द्धनग्न होकर नगर निगम के सामने प्रदर्शन करने के साथ भेदभाव तरीके से बाजार बैठक की रसीद काटने का आरोप लगाते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। शनिवार दोपहर मित्र निवास रोड, डॉट की पुल एवं पैलेस रोड के फुटकर सब्जी विक्रेता सहित अन्य फुटपात पर रोजगार करने वाले एकजुट होकर नगर निगम के सामने गांधी उद्यान पहुंचे। यहां पर बीच सड़क पर पुरुष फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने अर्द्धनग्न होकर नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इन्दौर

इन्दौर समाचार 31/10/21

## दो डोज पूर्ण तो सुरक्षा संपूर्ण अब हमारा मंत्र होगा : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने वैक्सीनेशन में इतिहास रचा है। प्रदेश में प्रथम और द्वितीय डोज की संख्या 7 करोड़ को पार कर गई है। निश्चित ही कल मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन था। जहाँ प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत में 100 करोड़ वैक्सीन के डोज लग चुके हैं, जो अद्भुत और आश्चर्यजनक उपलब्धि है, वहीं मध्यप्रदेश ने भी 92 प्रतिशत लक्ष्य आबादी को प्रथम डोज और 37 प्रतिशत भाई-बहनों को कोरोना से बचाव का द्वितीय डोज लगाकर महत्वपूर्ण कार्य किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इसके लिए सभी डाक्टर्स, स्टाफ नर्स, वैक्सीनेटर, वैरीफायर, मोबेलाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, डेटा मैनेजर, कोल्ड चेन हैण्डलर, वैक्सीन वेन ड्रायवर, कोल्ड चेन टैक्नीशियन, ए.वी.डी., कन्ट्रोल एण्ड कमांड टीम आदि के सदस्य विशेष बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्थानीय प्रशासन के सभी फ्रंट लाइन वर्कर्स को भी हृदय से बधाई दी।

प्रसारण

प्रसारण 31/10/21

## प्रत्येक विभाग अपने हितग्राहियों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें : कलेक्टर

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए सोमवार को महा अभियान आयोजित कर 40 हजार लोगों का दूसरे डोज का वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने हितग्राहियों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्पष्ट किया कि शासकीय विभागों में सभी आगंतुकों से इस आशय की जानकारी पूछी जाए कि उन्होंने अपना कोविड का दूसरा डोज़ लगवाया है कि नहीं। उन्होंने सीएमएचओ डॉक्टर प्रभाकर ननावरे को निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय में ओपीडी में आने वाले लोगों से कोविड-19 टीका लगवाने संबंधी जानकारी ली जाए और टीके से वंचित लोगों का कोविड टीकाकरण जिला चिकित्सालय में तत्काल किया जाए। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सभी पात्र हितग्राहियों से कोविशिल्ड 84 दिन के अंतर पर तथा को वैक्सीन 28 दिन के अंतर पर दूसरा टीका अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ प्रभाकर नानावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इन्दौर

इन्दौर समाचार 31/10/21

# संस्थानों को नगर निगम सीमा क्षेत्र से अन्यत्र स्थापित किए जाने हेतु सूचना पत्र जारी

रतलाम । जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में संचालित की जाने वाली कबाड़ दुकानों, गोडाउन, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेंडर गोदाम एवं अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तु के भंडारण इत्यादि से संबंधित 67 संस्थानों को नगर निगम क्षेत्र से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने हेतु सूचना पत्र जारी किया है ।

इस संबंध में जारी सूचना पत्र में कहा गया है कि संचालित की जा रही उक्त दुकानों, गोडाउन, भंडारण इत्यादि से मानव जीवन व लोक संपत्ति की क्षति संभावित है। इस तरह की गतिविधियों से जन सामान्य के स्वास्थ्य, जान-माल को खतरा आसन्न हो गया है तथा भविष्य में इन कारणों से लोग शांति भंग होने की प्रबल आशंका व्याप्त है। आवासीय क्षेत्र में इस तरह का व्यवसाय रतलाम शहर में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग योजना के निवेश क्षेत्र में निर्दिष्ट होने से एवं मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम- 2012 के प्रावधानों के विपरीत है। संस्थानों को 12 नवंबर 2021 दोपहर 4:00 बजे तक न्यायालय जिला दंडाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर यह स्थिति स्पष्ट करने को निर्देशित किया गया है कि क्यों न दंड प्रक्रिया संहिता 1973 का धारा 144 ( 1 ) के तहत कार्रवाई कर संस्थान को नगर निगम सीमा क्षेत्र के बाहर स्थापित किया जाए। विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्र अनुसार जारी किए गए सूचना पत्र में पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के 8, पुलिस थाना माणकचौक क्षेत्र के 19, पुलिस थाना स्टेशन रोड के 16 तथा पुलिस थाना दीनदयाल नगर क्षेत्र के 24 संस्थानों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

योगी एक्सप्रेस

योगी एक्सप्रेस 31/10/21

# कमाकर खाने नहीं दे रहे निगम कर्मचारी

रतलाम, नप्र। त्योहार की ग्राहकी अब पहले जैसी नहीं है। चार-पांच दिन का ही व्यापार रहता है। नगर निगम कर्मचारी तो हमें कमाकर खाने नहीं दे रहे है। रोजाना आकर ठेलागाड़ी और सामान जब्त करने के लिए धमकाते हुए इधर-उधर भगाते रहते है, जिससे नुकसान हो रहा है।

निगम की इस कार्रवाई के चलते दो पैसा कमाना तो दूर, फल खराब होने पर उन्हें फेंकना पड़ रहा है जिससे हम तो और ज्यादा परेशान होने लगे है। ना कलेक्टर साहब सुन रहे है और न ही आयुक्त और विधायक। हम सबके पास चले गए लेकिन कोई हमारी सुनने को तैयार नहीं है।

यह कहना हैं गीतामंदिर रोड पर हाठठेले पर फल-फ्रूट बेचने वाले दुकानदारों का। कहते है कि उन्हें कभी किसी बड़े अधिकारी के आने का कहकर वहां से हटा दिया जाता है तो कभी किसी बड़े नेता के आने का हवाला देकर भगा देते है। रोजाना नगर निगम कर्मचारी की गैंग शाम के वक्त आकर हिटलर की तरह रौब झाड़ती है। हम कभी ठेला लेकर इधर भागते हैं तो कभी उधर। ठेला इधर-उधर भगाने में फलों का नुकसान भी हो रहा है। हालात यह है कि गलियों में खड़ा रहना पड़ रहा है जहां एक भी ग्राहक नहीं आता है। गांव जाने वाले ग्रामीण इधर से गुजरते है तो हमारा धंधा हो जाता है और थोड़ी बहुत कमाई दफ्तर से घर जाने वाले या पेट्रोल भरवाने के लिए जाने वाले लोगों से हो जाती है। इस सड़क पर ऐसा कोई मार्केट भी नहीं है कि कभी लोगों की भीड़ या वाहनों से जाम जैसे हालात बने हो और हम तो सड़क और भी ज्यादा चौड़ी हो गई हैं लेकिन फिर भी हमारे साथ-साथ पानीपताशे की ठेले वालों को भी भगा दिया जाता है। अब हम कहां जाकर धंधा करें।

## ठेले वालों के त्योहार पर टपक रहे आंसू

ठेले वालों का कहना है कि जब से गीता मंदिर रोड सिटी फोरलेन बना हैं उसके बाद से हम लोगों को काफी ज्यादा परेशान किया जाने लगा है। सिटी फोरलेन के नाम पर निगम की गैंग हमारा तो निवाला छिनने पर आमदा हो रही है। यदि ऐसे ही हालात रहे तो हम क्या कमाएंगे और क्या खाएंगे। कहते है कि ना जाने किसके इशारे पर नगर निगम की गैंग हम छोटे लोगों पर जुल्म करने पर आमदा है। सिटी फोरलेन से अच्छी तो पहले की सड़क थी कम से कम फुटपाथ पर से कोई हटाता तो नहीं था। लेकिन जब से सिटी फोरलेन बनी है तब से नगरनिगम की टीम बड़े अधिकारी का हवाला देकर ऐसे आते हैं जैसे हमने कोई बहुत बड़ा अपराध कर दिया हो। हैरानी तो इस बात की है कि रोजाना बाजार बैठक की रसीद थमाई जा रही है उसका शुल्क भी दे रहे है लेकिन फिर भी निगम की गैंग आकर हमें भगा देती है।

यह तो रोजाना का काम हो गया है, ऐसे में तो हमारे सामने विकट हालात पैदा हो रहे है। कोई हमारी सुनने को भी तैयार नहीं है। दुकान लगाने के लिए कोई ऐसी जगह भी नहीं बता रहे है कि हम वहां खड़े रहकर व्यापार कर सकें। गलियों में जाकर खड़े रहते है तो ग्राहक नहीं आते है। अगर ऐसा ही चलेगा तो हम क्या कमाएंगे और क्या खाएंगे.... हाथठेलों पर फल बेचने वाले वाकई इन दिनों काफी परेशान है। निगम की टीम रोजाना उन्हें गीता मंदिर की सड़क से भगा देती है। अब तो वे इतने घबराने लगे है कि टीम को दूर से ही देखते ही खुद ही ठेले लेकर इधर-उधर भाग जाते है। परेशानी का रोना भी रो लिया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। वोट की राजनीति करने वाले जनप्रतिनिधि भी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है ना पक्ष वाले ध्यान दे रहे है और ना विपक्ष वाले। शहर कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या ने जरूर इन लोगों का पक्ष लेकर प्रशासन से अनुरोध किया है कि त्योहार के समय कब्जे के नाम पर छोटे दुकानदारों को उजाड़ना बंद करें। पंड्या का कहना है कि वैसे भी दो साल से छोटा व्यापारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है, ऐसे में उन्हें उजाड़ने के बजाय जिला प्रशासन राहत प्रदान करें। कांग्रेस के ही ओ.पी. त्रिपाठी ने भी राहत देने की बात कही है। भाजपा से जुड़े युवा राहुल सोनी ने भी नगर निगम के दफ्तर पहुंचे इन लोगों के आंसुओं को देखकर दमदारी से कहा कि इन आंसुओ की कीमत तो चुकानी पड़ेगी। अब देखते हैं कि प्रशासन क्या तय करता है।

प्र.की. 30

प्रभातकीरण 30/10/21

# मार्जिन मनी में 25 लाख का अंशदान देना सौभाग्य की बात



डोसीगांव में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर 75 परिवारों का मिला आवास

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

आज बड़े ही हर्ष का विषय है कि हम दीपावली के पूर्व शिवशंकर झुग्गी में रहने वाले 75 परिवारों को नवीन फ्लैट में गृह प्रवेश करवा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चेतन्य काश्यप फाउंडेशन ने हितग्राहियों के बैंक लोन की मार्जिन मनी में प्रति हितग्राही 10-10 हजार रुपए के रूप में अब तक 25 लाख रुपए की सहायता दी है, जो मेरे परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। 25 लाख रुपए हितग्राहियों द्वारा भी जमा करवाए गए हैं।

यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के दौरान शिवशंकर कॉलोनी में निवासरत 75 परिवारों को डोसीगांव स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में गृह प्रवेश कराने के कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि रतलाम नगर निगम पहला ऐसा निगम है जो कि स्वयं की निधि लगाकर गरीबों के लिये आवास का निर्माण करवा रहा है। इस अवसर पर विधायक चेतन्य काश्यप का शिव शंकर कॉलोनी के रहवासियों ने शाल -श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढ़ा ने किया। आभार कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास ने माना।

## आधी मार्जिन मनी दे रहा काश्यप फाउंडेशन

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि फ्लैट की कुल लागत 7.85 लाख है। इसमें केन्द्र व राज्य शासन से 1.50-1.50 लाख अनुदान के रूप में प्राप्त होते हैं व नगर निगम द्वारा 2.85 लाख की राशि लगाई जाती है। हितग्राही को सिर्फ मार्जिन मनी 20 हजार जमा कराना है, जिसमें आधी राशि विधायक काश्यप द्वारा अपने फाउंडेशन से उपलब्ध कराई जा रही है। शेष 1.80 लाख की राशि का पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लोन स्वीकृत किया गया है। उन्होंने शहर विधायक काश्यप की सेवा भावी सोच की प्रशंसा की। भाजपा जिलाध्यक्ष, अनिता कटारिया, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, बंटी पितलिया, अरुण राव, भगतसिंह भदौरिया, आदित्य डागा, मिलेश गांधी, बलवंत भाटी, मुबारिक शैरानी मौजूद थे।

दबंग२१

दबंग दुनिया 31/10/21

**प्रधानमंत्री आवास योजना के 75 हितग्राहियों को काश्यप फाउंडेशन ने 10-10 हजार की मार्जिन मनी दी**

# विधायक ने हितग्राहियों को चाबी भेंटकर गृह प्रवेश करवाया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने हितग्राहियों के बैंक लोन की मार्जिन मनी में प्रति हितग्राही 10-10 हजार रुपए के रूप में अब तक 25 लाख रुपए की सहायता दी है, जो मेरे परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। 25 लाख रुपए हितग्राहियों द्वारा भी जमा करवाए गए है। उनके पास मकान पहले भी था, लेकिन अब जो मकान मिला है, इससे न केवल पूरे परिवार का जीवन सुधरेगा अपितु बच्चों के बेहतर भविष्य का निर्माण भी होगा।



उक्त उदगार विधायक चेतन्य काश्यप ने आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलब्ध में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के दौरान शिवशंकर कॉलोनी में निवासरत 75 परिवारों को डोसीगांव स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चाबी सौंपकर ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में गृह प्रवेश कराने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की सहसंयोजक अनिता कटारिया ने भी संबोधित किया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत उद्‌बोधन देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित किए गए ईडब्ल्यूएस फ्लैट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्लैट की कुल लागत 7.85 लाख है। इसमें केन्द्र व राज्य शासन से 1.50-1.50 लाख अनुदान के रूप में प्राप्त होते है व नगर निगम द्वारा 2.85 लाख की राशि लगाई जाती है। हितग्राही को सिर्फ मार्जिन मनी 20 हजार जमा कराना है,जिसमें आधी राशि विधायक श्री काश्यप द्वारा अपने फाउंडेशन से उपलब्ध कराई जा रही है। शेष 1.80 लाख की राशि का पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लोन स्वीकृत किया गया है। विधायक श्री काश्यप ने चन्दरबाई-अर्जुन, कैलाशबाई-अमृतलाल, रेशमबाई-रामप्रसाद, सीमा-नन्दकिशोर वर्मा, संजूबाई-मांगीलाल, ज्योति-दिलीप राठौड़ सहित अन्य हितग्राहियों को फ्लैट की चाबी देकर पूजन करवाया और फीता काटकर गृह प्रवेश करवाया। इस अवसर पर विधायक का रहवासियों द्वारा सम्मान किया गया। संचालन मंगल लोढ़ा व आभार कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास ने माना। स्वदेश

स्वदेश 31/10/21

# आपके एक फोन पर घर आकर कचरा ले जाएगी गाड़ी

पत्रिका सोशल प्राइड

## नगर निगम ने शुरू की हेल्पलाइन, एप पर काम शुरू



रतलाम. शहर में स्वच्छता अभियान को बेहतर बनाने की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। अब तक विभिन्न वार्डो में रहने वाले शहरवासी यह शिकायत करते रहे हैं कि उनके क्षेत्र या गली में कचरा संग्रहण के लिए मैजिक नहीं आती है, अब यह शिकायत दूर हो जाएगी। नगर निगम द्वारा नवाचार करते हुए रविवार से हेल्पलाइन नंबर की सेवा शुरू की जा रही है। इसमे एक फोन करने मात्र पर नगर निगम की कचरा संग्रहण करने वाली मैजिक गाड़ी आपके घर आकर कचरा ले जाएगी। इतना ही नहीं, स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए मोबाइल एपलीकेशन को भी शुरू किया जा रहा है। पत्रिका

सामान्य रुप से शहर में स्वच्छता के लिए नगर निगम के पास सबसे अधिक शिकायत आती है। गलियां हो या मुख्य सड़क शहर के लोग यह शिकायत करते हैं कि सफाई बेहतर नहीं होती है। अब शिकायत दूर करने निगम ने विशेष योजना पर काम करना सितंबर में शुरू कर दिया था। हेल्पलाइन नंबर को शुरू किया जा रहा है। इतना ही नहीं, इसके साथ साथ एप एपलीकेशन को दीपावली के बाद शुरू करने जा रही है।

### यह खासियत एप की

जो मोबाइल एपलीकेशन को निगम बनवा रहा है वो कई प्रकार की खासियत वाला होगा। इसमे हर वार्ड के दरोगा के नाम व नंबर तो रहेंगे ही इसके साथ साथ वार्डो में काम करने वाले कर्मचारी के नाम व नंबर भी रहेंगे। इसके अलावा आम शहरी के लिए यह सुविधा होगी कि वो गंदगी पाता है तो फोटो लेकर सीधे एपलीकेशन में पोस्ट कर दे। इसके बाद जिस क्षेत्र का फोटो होगा व उस क्षेत्र में कर्मचारी को तुरंत भेजकर गंदगी को साफ करवाया जाएगा।

### फैक्ट फाइल

हेल्पलाइन नंबर - 18002330014

मोबाइल नंबर - 7471144900

कुल वार्ड - 49

मैजिक वाहन संख्या - 65

कर्मचारी - 900 से अधिक

### बेहतर रिजल्ट दे पाएंगे

निगम ने प्रदेश व्यापी चल रह[ी] हेल्पलाइन नंबर को शहर में भी शुरू करने का निर्णय लिया है। हेल्पलाइन नंबर पर फोन करने पर कचरा संग्रहण के लिए मैजिक वाह[न] घर आकर कचरा संग्रहण करेगा। यह सुविधा वहां के लिए रहेगी, जह[ां] कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचा है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 31/10/21

## नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश अनुसार सीएमएचओ डॉ. ननावरे, निगम आयुक्त श्री झारिया के मार्गदर्शन में जिला क्षय अधिकारी डॉ. योगेश नीखरा के नेतृत्व में अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल रतलाम पर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनो का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर निगम के कर्मचारियों की टीबी स्क्रीनिंग कर उनके खंखार जांच हेतु सैंपल एकत्रित किये गए। उक्त शिविर में डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. रचना पटेल, डॉ. रजत सोनी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समय जगत

समय जगत 31/10/21

## आतिशबाजी दुकानों के लिए 182 भूखण्ड वितरित

रतलाम। शहर के त्रिवेण मेला मैदान एवं बरबड़ मेला मैदान पर आतिशबाजी विक्रय दुकानों के लिए प्रशासन स्थान का चयन किया है। जहां डिजिटल लॉटरी सिस्टम प्रणाली द्वारा पटाखा विक्रय दुकानों का वितरण किया गया। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि दीपावली त्यौहार शांति एवं सुरक्षित मनाया जा सके इसके लिए त्रिवेणी मेला मैदान एवं बरबड़ मेला मैदान का चयन किया गया। जिसके तहत कुल 532 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से आवेदको की उपस्थिति में लाटरी प्रणाली द्वारा कुल 182 उम्मीदवारो का चयन लोकेन्द्र टाकिज पर किया गया तथा उन्हे अस्थायी प्लाट का आबंटन किया गया।जिसके तहत बरबड मेला मैदान पर 45 दुकानें व त्रिवेणी मेला परिसर में 137 दुकानें कुल 182 दुकानों का आबंटन किया गया। राज

राज एक्सप्रेस 31/10/21

# सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराएंगे जरूरी संसाधन

**रतलाम।** नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 22 सूत्री मांगों के निराकरण के संबंध में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी के साथ यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की। आठ सितंबर को हुई बैठक में लिए गए निर्णय पर की गई कार्रवाई से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया।

बैठक में आयुक्त ने वार्ड दरोगा को साप्ताहिक अवकाश वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दिए जाने के लिए आदेश जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायवाल को दिए। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों को ड्रेस, स्वेटर, हाथ कचरा गाड़ी व सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के लिए मांग प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधितों को दिए गए। कर्मचारियों का बीमा कराने की मांग के संबंध में बैठक में एसबीआइ के रीजनल बैंक उप प्रबंधक ईश्वरसिंह चौहान ने बताया कि कर्मचारी का किसी भी बैंक में खाता हो व 12 रुपये की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 342 की राशि जमा कर करवा सकता है। उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, सहायक वर्ग-दो बीएल चावरे, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, निज सहायक सुभाष गोयल, नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के दाधिकारी कमल भाटी, रामकल्याणे, कमल शिंदे, संजय पैमाल, विजय खरे आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया ३१/१०/२१

**निर्माण अनुमति** • सचिवों ने सौंपे दस्तावेज, जांच के बाद होगी कार्रवाई

# लावण्या पैलेस और कॉम्प्लेक्स की अनुमति देने वाले सचिव सस्पेंड होंगे

## गलत तरीके से पंचायत से अनुमति लेकर नगर निगम सीमा में तान दी बिल्डिंगें

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पंचायत सालाखेड़ी और बंजली के पंचायत सचिवों को जल्द सस्पेंड कर दिया जाएगा। दोनों पर एफआईआर भी हो सकती है। मामला, सालाखेड़ी फोरलेन स्थित होटल लावण्या पैलेस और बरबड़ में कमर्शियल कॉम्प्लेक्स समेत दो मकानों से जुड़ा है। ये चारों बिल्डिंग नगर निगम सीमा में है, बावजूद पंचायत सचिवों ने गलत तरीके से इनके मालिकों से सांठगांठ कर निर्माण अनुमति जारी कर दी। नगर निगम सिर्फ नोटिस देकर तमाशा देख रहा था।

शिकायत मिलने के बाद पिछले दिनों सरकारी अमले ने कार्रवाई शुरू की। फिलहाल नोटिस के बदले सचिवों द्वारा दिए जवाब और अनुमति संबंधित दस्तावेज की जांच की जा रही है। इसके बाद सचिवों के साथ होटल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स सहित मकानों पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि बताया जा रहा है प्रशासन कार्रवाई पर होटल मालिक को कोर्ट का स्टे मिल गया है।

### नगर निगम ने 2019 में इनको जारी किए थे नोटिस



पंचायत की परमिशन से नगर निगम सीमा में बनी सालाखेड़ी फोरलेन स्थित होटल लावण्या पैलेस।

- अशोक कुमार हरिवल्लभ माहेश्वरी (प्रताप नगर), होटल लावण्या पैलेस सालाखेड़ी
- रोशनलाल, राजूलाल पिता शंकरलाल, 3500 वर्गफीट में दुकानें, बरबड़
- चंद्रप्रकाश पिता सुंदरलाल त्रिवेणी, 588 वर्गफीट मकान, बरबड़
- मो. आमीर पिता अब्दुल रहमान अंसारी, 1500 वर्गफीट मकान, बरबड़

### जिपं सीईओ कर रहीं जांच

अपने क्षेत्र से बाहर होने के बावजूद अवैधानिक तरीके से परमिशन देने वाले पंचायतों सचिवों की जांच की जिम्मेदारी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े को सौंपी है। जिपं सीईओ ने सचिवों को नोटिस जारी किए थे। उसके बदले सचिवों ने जवाब के साथ अनुमति संबंधित दस्तावेज सीईओ को सौंप दिए हैं। सोमवार या मंगलवार को फाइनल रिपोर्ट कलेक्टर तक पहुंच जाएगी। उसके बाद सचिवों पर कार्रवाई होगी।

### कंपाउडिंग भरें या अनुमति निरस्त होगी

अफसरों की आंखों में धूल झोंककर पंचायत से अनुमति लेकर बिल्डिंग तानने वाले भूमाफिया सकते में हैं। जानकारों के अनुसार संबंधित के पास नियमानुसार कंपाउंडिंग भरने का विकल्प है। ऐसा नहीं हुआ तो प्रशासन सचिवों पर कार्रवाई के बाद निर्माण अनुमति निरस्त करेगा। तब तक यदि मालिकों ने कंपाउंडिंग शुल्क नहीं भरा तो बिल्डिंगों पर निगम का बुलडोजर चल सकता है।

### नेहरू स्टेडियम का अतिक्रमण हटेगा

प्रशासन ने अब नेहरू स्टेडियम (पोलो ग्राउंड) के आसपास का अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को स्टेडियम निर्माण कार्य का कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निरीक्षण किया। काम स्थिति देखने के बाद कलेक्टर बोले स्टेडियम की बाउंड्रीवाल भी जल्द बनाई जाए। नगर निगम के इंजीनियर भी मौजूद रहे।

*गलत तरीके से निर्माण अनुमति देने पर ग्राम पंचायत सालाखेड़ी और बंजली के पंचायत सचिवों को नोटिस दिया था। जवाब के साथ अनुमति के दस्तावेज भी आ गए हैं। उनकी जांच चल रही है, इसके बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।* **जमुना भिड़े,** सीईओ-जिला पंचायत

भास्कर

दे. भास्कर 31/10/21

**कौशल प्रशिक्षण** • पुराने प्रशिक्षण का ऑडिट कर नए युवाओं का चयन करेंगे कलेक्टर

# कसावट : ट्रेंड युवाओं का जॉब प्लेसमेंट कराना होगा तभी ट्रेनिंग देने वाली कंपनी को मिलेगा पैसा

## प्रत्येक युवा को ट्रेनिंग देने के बदले 15000 रु. देंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

युवाओं को प्रशिक्षण देकर ट्रेंड बनाने वाले कौशल प्रशिक्षण में खानापूर्ति नहीं चलेगी। दिखावे की ट्रेनिंग पर अंकुश लगाने की व्यवस्था में कसावट कर दी है। ट्रेनिंग देने वाली कंपनियों को तभी रुपए दिए जाएंगे जब तक कि सारे ट्रेंड युवाओं को नौकरी नहीं मिल जाती।

ये कसावट इसलिए की जा रही है ताकी कौशल प्रशिक्षण का युवाओं का वास्तविक लाभ मिल सकें। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में होने वाले यह ट्रेनिंग नवंबर में निकाय स्तर पर होगी। आईटी, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, ऑटोमोबाइल, कम्प्यूटर, फूड प्रोसेसिंग, टूरिज्म एंड हॉस्पिलटी, पावर, इलेक्ट्रिक समेत 34 ट्रेड है। जिनमें से युवा अपने पसंद की शाखा चुन सकेंगे। ट्रेनिंग देने की जिम्मेदारी सरकार ने देश की 6 कंपनियों को दी है। तीन पश्चिम बंगाल, दो भोपाल और एक हिमाचल प्रदेश की है। प्रत्येक युवा को ट्रेनिंग देने के बदले 15000 रुपए दिए जाएंगे। भास्कर

### कलेक्टर खुद करेंगे युवाओं का चयन

जिले को 2280 युवाओं को प्रशिक्षण देने का टारगेट मिला है। सबसे ज्यादा 1200 नगर निगम रतलाम को दिया है। बड़ी बात यह कि ट्रेनिंग देने वाली कंपनियां नहीं टारगेट के अनुसार जिले से 2280 युवाओं का चयन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम खुद करेंगे। इसके पहले पुराना रिकॉर्ड चेक करके प्रशिक्षण का ऑडिट किया जाएगा। अब तक होता यह था कि ट्रेनिंग देने वाली कंपनियां मनमाने तरीके से युवाओं को चुनकर ट्रेनिंग देकर और भुगतान लेकर चली जाती थी। नौकरी मिलने तक की मॉनिटरिंग नहीं हो पाती थी। अब ऐसा नहीं होगा। कलेक्टर पुरुषोत्तम ने अधिकारियों को साफ कह दिया है कि जब तक सारे युवाओं का जॉब प्लेसमेंट नहीं हो जाता भुगतान नहीं किया जाए।

### कहां के कितने युवाओं को ट्रेनिंग दी जाना है

| | |
|---|---|
| नगर निगम रतलाम | 1200 |
| नपा जावरा | 520 |
| नप आलोट | 150 |
| नपा ताल | 150 |
| नप बड़ावदा | 60 |
| नप पिपलौदा | 60 |
| नप नामली | 60 |
| नप सैलाना | 60 |
| नप धामनोद | 20 |

*कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था बदल दी है, ताकी जरूरतमंद लाभ और नौकरी मिल सके। कंपनियों द्वारा पहले दी ट्रेनिंग का रिकॉर्ड चेक करेंगे। जॉब प्लेसमेंट होने पर भुगतान किया जाएगा।* **कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

दै.भास्कर 31/10/21

## आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय एकता दिवस

रतलाम। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों तथा अन्य एजेंसियों द्वारा 31 अक्टूबर को मार्च पास्ट तथा रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम वेबकास्ट किए जाएंगे, ताकि सभी आमजन इस कार्यक्रम को देख सकें। कार्यक्रम आयोजित करते समय कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय एकता दिवस

रतलाम। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों तथा अन्य एजेंसियों द्वारा 31 अक्टूबर को मार्च पास्ट तथा रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम वेबकास्ट किये जाएंगे, ताकि सभी आमजन इस कार्यक्रम को देख सकें।

## आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय एकता दिवस

रतलाम। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों तथा अन्य एजेंसियों द्वारा 31 अक्टूबर को मार्च पास्ट तथा रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम वेबकास्ट किये जाएंगे, ताकि सभी आमजन इस कार्यक्रम को देख सकें। कार्यक्रम आयोजित करते समय कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय एकता दिवस

रतलाम। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों तथा अन्य एजेंसियों द्वारा 31 अक्टूबर को मार्च पास्ट तथा रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम वेबकास्ट किये जाएंगे, ताकि सभी आमजन इस कार्यक्रम को देख सकें।

## आज राष्ट्रीय एकता दिवस मनेगा

रतलाम. देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री व लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अंतर्गत 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों तथा अन्य एजेंसियों द्वारा 31 अक्टूबर को मार्च पास्ट तथा रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम वेबकास्ट किये जाएंगे, ताकि सभी आमजन इस आयोजन को देख सकें।

## कल मनाया जाएगा राष्ट्रीय एकता दिवस

रतलाम। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों तथा अन्य एजेंसियों द्वारा 31 अक्टूबर को मार्च पास्ट तथा रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम वेबकास्ट किये जाएंगे, ताकि सभी आमजन इस कार्यक्रम को देख सकें। कार्यक्रम आयोजित करते समय कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 1 नवम्बर को

रतलाम। म.प्र. स्थापना दिवस 1 नवम्बर को 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के रुप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में जिला स्तर पर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 1 नवम्बर को सायंकाल आयोजित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय आयोजन में नृत्य, नाटक, गीत, संगीत, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, रैली, प्रभात फैरी आदि के आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, व्यवसायी, समाजसेवी, धर्मगुरु, स्वयंसेवी संस्थाएं, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, महाविद्यालय के छात्र-छात्रा, गणमान्य नागरिक, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, लोकतंत्र सैनानी एवं शहीद सैनिकों के परिवारजनों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। प्रमुख शासकीय भवनों व ऐतिहासिक इमारतों पर 1 नवम्बर की रात्रि को विद्युत सज्जा की जाएगी। सभी कार्यक्रम कोविड-19 संबंधी गाइड लाइन का पालन करते हुए सुनिश्चित किए जाएंगे।

# रंगो में विलोपित हुए कचरे के ढेर, नागरिकों को दिलाया स्वच्छता का संकल्प

रतलाम । दीपावली पर्व के पूर्व नगर निगम प्रशासन ने स्वच्छता अभियान को गति देते हुए नागरिकों को साफ सफाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों की शुरुवात कर दी है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एंवं विकास विभाग के निर्देश पर दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान के तहत नगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम व सफाई मित्र समूह के सदस्यों ने आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में शुक्रवार को भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शहर में स्वच्छता का संदेश दिया हैं। इस दौरान कचरा मुक्त स्थलों में आकर्षक रांगोली का निर्माण भी किया गया। दीपावली संकल्प जागरुकता का अभियान के तहत शुक्रवार को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में शहर के सज्जनमिल चौराहा, शहीद चौक और छत्रीपुल स्थित आम्बेडकर सर्कल के निकट सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का उपयोग न करने की सलाह देते हुए नागरिकों विशेषकर व्यापारियों को भाईयों को संकल्प भी दिया गया।

इसी अभियान के तहत शहर के कचरा मुक्त स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर सफाई मित्र समूह ने आकर्षक रांगोलियों का निर्माण कर नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने व घरों में पानी एकत्र नही करने का संदेश दिया है।

गत दिनों से शुरु हुए इस विशेष अभियान के तहत अब तक स्त्रोत पृथक्कीकरण, वार्डो में सफाई, डोर टू डोर नागरिकों से सम्पर्क कर कचरे का अलग-अलग डस्टबिनों में निपटान करने की समझाईश भी दी गई है।

इस मौके पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, झोन प्रभारी एपीसिंह, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनयसिंह, वार्ड प्रभारी व नागरिक गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

समयपाल श्री रतनसिंह चौहान सेवा निवृत्त

रतलाम 29 अक्टूबर। नगर निगम लोक निर्माण षाखा के समयपाल श्री रतनसिंह चौहान की अधिवार्शिकी आयु पूर्ण होने पर निगम के फायर स्टेषन भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाव-भीनी विदाई दी गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अपने उद्बोधन में श्री चौहान द्वारा अपने सेवाकाल में किये गये कार्यों प्रषंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्री चौहान को साफा बांधकर व षाल-श्रीफ्ल तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर परिशद सदस्य श्री प्रेम उपाध्याय, निगम अधिकारी सर्वश्री सुरेषचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ षेख, जी.के. जायसवाल, ष्याम सोनी, एम.के. जैन, सत्यप्रकाष आचार्य, अरविन्द दषोत्तर, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, रामचन्द्र षर्मा, राजेष पाटीदार, मनीश तिवारी, ब्रजेष कुषवाह, श्रीमती अनिता ठाकुर, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, ए.पी. सिंह, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, नगर निगम कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह राठौर के अलावा सर्वश्री सुभाश गोयल, हेमन्त सोलंकी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री चौहान का पुश्पहार व पुश्प गुच्छ से स्वागत किया।

स्वतंत्र [illegible] 31/10/21

प्रशासन ने स्वच्छता अभियान को गति देते हुए नागरिकों को साफ-सफाई के प्रति प्रोत्साहित किया

# निगम अमले ने शहरवासियों को दिलाया स्वच्छता का संकल्प



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

दीपावली पर्व के पूर्व नगर निगम प्रशासन ने स्वच्छता अभियान को गति देते हुए नागरिकों को साफ सफाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों की शुरुवात कर दी है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर दीपावली संकल्प जागरुकता अभियान के तहत नगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम व सफाई मित्र समूह के सदस्यों ने आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में शुक्रवार को भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शहर में स्वच्छता का संदेश दिया है। इस दौरान कचरा मुक्त स्थलों में आकर्षक रांगोली का निर्माण भी किया गया। दीपावली संकल्प जागरुकता का अभियान के तहत शुक्रवार को निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में शहर के स%जनमिल चौराहा, शहीद चौक और छत्रीपुल स्थित आम्बेडकर संर्कल के निकट सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का उपयोग न करने की सलाह देते हुए नागरिकों विशेषकर व्यापारियों को भाईयों को संकल्प भी दिया गया। इसी अभियान के तहत शहर के क मुक्त स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर स मित्र समूह ने आकर्षक रांगोलियों का नि कर नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने व में पानी एकत्र नही करने का संदेश दिया

## कचरे के निपटान की दी ग समझाइश

गत दिनों से शुरु हुए इस विशेष अभि के तहत अब तक स्त्रोत पृथकीकरण, वा सफाई, डोर टू डोर नागरिकों से सम्पर्क कचरे का अलग-अलग डस्टबिनों में नि करने की समझाईश भी दी गई है। इस पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जायसवाल, झोन प्रभारी एपीसिंह, चौहान, पर्वत हाड़े, विनयसिंह, वार्ड प्र नागरिक गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे

217

राज एक्सप्रेस 31/10/21

# एक नवंबर को चालीस हजार टीकाकरण का लक्ष्य रखें : कलेक्टर

प्रसारण न्यूज * रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वैक्सीनेशन प्रोग्राम में अपनी पूर्ण सहभागिता करें। एक नवंबर को जिले में 40 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि 1 नवंबर के लिए प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र के लिए टारगेट निर्धारित करें और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारा टारगेट ग्रुप चिन्हित है हमें उन तक पहुंचना है और वैक्सीनेशन सुनिश्चित करना है। वर्तमान में त्योहार के समय अधिकांश लोग अपने घरों पर ही होते हैं ऐसे में टीकाकरण के लिए प्रेरित करना और भी आसान है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपद सीईओ, सीडीपीओ के साथ मिलकर प्लानिंग करें। अगले 2 दिन में अपनी योजना को अंतिम रूप दें और लक्ष्य को पाने के लिए जुट जाएं।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य, जावरा, आलोट, रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना के अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर नानावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। प्रसारण

## राजस्व रिकार्ड सुधार पर पूरा फोकस करें : कलेक्टर

राजस्व रिकार्ड में सुधार के लिए चलाए जा रहे अभियान पर सभी राजस्व अधिकारी पूरा फोकस करें। रतलाम जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाने के लिए इस कार्य को और गंभीरता तथा निश्चित समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। राज्य शासन के निर्देशानुसार रतलाम जिले में भी शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत राजस्व रिकार्ड में सुधार का कार्य किया जा रहा है। पहली बार आमजन को अपने राजस्व रिकार्ड में सुधार के लिए आवेदन नहीं देना पड़ रहा है बल्कि राजस्व अमला स्वयं अग्रसर होकर रिकॉर्ड शुद्धि का कार्य कर रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, एसडीएम जावरा हिमांशु प्रजापत, रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, रतलाम ग्रामीण सुश्री कृतिका भीमावद, आलोट राजेश शुक्ला, सैलाना सुश्री कामिनी ठाकुर एवं तहसीलदारगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि शुद्धिकरण पखवाड़े में लंबित नामांतरण प्रकरणों का शत-प्रतिशत निपटारा किया जाएगा। फौती नामांतरण कार्य किया जा रहा है। आमजन के लिए नक्शे सुधार किए जा रहे हैं। इस पखवाड़े में अल्फान्यूमैरिक खसरा नक्शा, तरमीम, भूमि प्रकार, भूमि स्वामी प्रकार संशोधन, भूमि स्वामी नाम सुधार आदि कार्य किए जाएंगे।

प्रसारण 31/10/21

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सात करोड़ वैक्सीन डोज लगने पर दी बधाई

# दो डोज पूर्ण तो सुरक्षा संपूर्ण अब हमारा मंत्र होगा : सीएम

## 31 दिसंबर तक दूसरे डोज की लक्ष्य पूर्ति के लिए सघन प्रयास हों




भोपाल, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने वैक्सीनेशन में इतिहास रचा है। प्रदेश में प्रथम और द्वितीय डोज की संख्या सात करोड़ को पार कर गई है। निश्चित ही शुक्रवार को मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन था। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 100 करोड़ वैक्सीन के डोज लग चुके है, जो अद्भुत और आश्चर्यजनक उपलब्धि है, वहीं मध्यप्रदेश ने भी 92 प्रतिशत लक्ष्य आबादी को प्रथम डोज और 37 प्रतिशत भाई-बहनों को कोरोना से बचाव का द्वितीय डोज लगाकर महत्वपूर्ण कार्य किया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इसके लिए सभी डाक्टर्स, स्टॉफ नर्स, वैक्सीनेटर, वैरीफायर, मोबेलाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, डेटा मैनेजर, कोल्ड चेन हेण्डलर, वैक्सीन वैन ड्रायवर, कोल्ड चेन टेक्नीशियन, एवीडी, कंट्रोल एंड कमांड टीम आदि के सदस्य विशेष बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्थानीय प्रशासन के सभी फ्रंट लाइन वर्कर्स को भी हृदय से बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो डोज पूर्ण तो सुरक्षा संपूर्ण अब हमारा मंत्र होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभा कक्ष में प्रदेश में सात करोड़ कोविड वैक्सीन डोज पूर्ण होने पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स भी इसमें शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठकें आयोजित की जाएं, जिसमें आगामी वैक्सीनेशन अभियान में सभी वर्गों की भागीदारी के साथ कार्य किया जा सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की 100 करोड़ आबादी को वैक्सीन का डोज लग चुका है, जो एक रिकार्ड है। पहली बार देश में वैक्सीन बनी। इससे पहले अन्य देशों में ही वैक्सीन बनती थी। भारत में स्वदेशी वैक्सीन विकसित की गई, जिसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की इच्छा शक्ति और हमारे वैज्ञानिकों के प्रयास महत्व रखते हैं। विश्व में वैक्सीनेशन कार्य में भारत का सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा है। क्योंकि अन्य देशों की तुलना में भारत में आबादी अधिक है फिर भी देश में लोगों को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध हुई। निश्चित ही प्रधानमंत्री श्री मोदी अभिनंदन के पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

### घनघोर परिश्रम किया टीम ने, इन सबको बधाई

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, आयुक्त, अन्य अधिकारी और टीम में शामिल सभी लोग बधाई के पात्र हैं। सभी ने विपरीत परिस्थितियों में कार्य किया है। जब वैक्सीनेशन का विरोध हो रहा था और अनेक लोग भ्रम एवं भय की स्थिति में थे तब टीकाकरण के लिए जनता को प्रेरित किया गया। दिन-रात परिश्रम कर लोगों को घरों और खेतों तक जाकर समझाइश दी गई। हेल्थ वर्कर्स ने नदी-नाले पार कर वैक्सीन लगाने का कार्य किया। इन सभी का हृदय से अभिनंदन करने का भाव मन में है। इन सभी की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। मध्यप्रदेश को ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं पर गर्व है। कलेक्टर्स ने भरपूर परिश्रम किया। अधीनस्थ अमले को सक्रिय बनाया। प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस के आला अधिकारी भी वैक्सीनेशन कार्य को लीड करते रहे।

### इनका दस्तावेजीकरण किया जाए

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के जन-प्रतिनिधियों ने वैक्सीनेशन कार्य में अहम सहयोग दिया है। मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षद, जिला, जनपद, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, धर्मगुरु सभी प्रेरक बने। सामाजिक संस्थाओं ने भी पूरा सहयोग दिया। साथ ही मीडिया के साथियों ने भी जागरूकता अभियान संचालित किया। यह सभी के सहयोग से संभव हुआ। जनता को पीले चावल देकर, विशेष बैठक व्यवस्था उपलब्ध करवाकर, घर तक वापस छुड़वाने की सुविधा देकर वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह अभिनव प्रयोग थे। इनका दस्तावेजीकरण किया जाए।

**सरकार और समाज की संयुक्त ताकत, सफलता का आधार:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार और समाज की संयुक्त ताकत इस सफलता का आधार बनी। अभी भी दूसरे डोज की सफलता के लिए काफी प्रयास करने हैं। अभी ये पड़ाव है। हमारी मंजिल है संपूर्ण टीकाकरण। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूर्व के अभियानों के अनुभव नए टीकाकरण अभियान में उपयोगी होंगे। जिन्हें अभी तक वैक्सीन नहीं लगी है उन लोगों को वैक्सीन लगवाने में हम कोई कसर न छोड़ें। यह एक चुनौती है। हमें चैन की सांस तब तक नहीं लेना है जब तक लक्ष्य पूर्ण नहीं होता। टीकाकरण से शेष रह गए लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करना होगा। सभी राजनैतिक दल भी इसमें सहयोग करेंगे तो कार्य आसान हो जाएगा। आगामी 31 दिसंबर तक द्वितीय डोज सभी को लग जाता है तो हम तीसरी लहर जैसी आशंका से मुक्त हो सकते हैं।



राज एक्सप्रेस 31/10/21



# एक नवंबर को चालीस हजार टीकाकरण का लक्ष्य रखें -कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वैक्सीनेशन प्रोग्राम में अपनी पूर्ण सहभागिता करें। एक नवंबर को जिले में 40 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि 1 नवंबर के लिए प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र के लिए टारगेट निर्धारित करें और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारा टारगेट ग्रुप चिन्हित है हमें उन तक पहुंचना है और वैक्सीनेशन सुनिश्चित करना है। वर्तमान में त्योहार के समय अधिकांश लोग अपने घरों पर ही होते हैं ऐसे में टीकाकरण के लिए प्रेरित करना और भी आसान है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपद सीईओ, सीडीपीओ के साथ मिलकर प्लानिंग करें। अगले 2 दिन में अपनी योजना को अंतिम रूप दें और लक्ष्य को पाने के लिए जुट जाएं।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य, जावरा, आलोट, रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना के अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

स्वतंत्र मालवा 31/10/21

## कल चालीस हजार टीकाकरण का लक्ष्य

रतलाम. जिले में अब भी अनेक इस प्रकार के लोग हैं जिन्होंने पहला व दूसरा टीका अब तक नहीं लगवाया है। इस प्रकार के लोगों के लिए टीकाकरण का आयोजन 1 नवंबर को मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर होगा। इसके लिए जिले में 40 हजार को टीका लगाने का टारगेट तय किया गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने को कहा है। एक नवंबर को जिले में 40 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा कि 1 नवंबर के लिए प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र के लिए टारगेट निर्धारित करें और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण उपलब्धि प्राप्त के प्रयास हो। त्योहार के समय अधिकांश लोग अपने घरों पर ही होते हैं, ऐसे में टीकाकरण के लिए प्रेरित करना और भी आसान है।

पत्रिका 31/10/21



# आक्रोश : फल-सब्जी विक्रेताओं ने अर्द्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

## मुर्दाबाद के लगाए नारे

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

मित्र निवास रोड़ एवं डाट की पुल क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर फल, सब्जी सहित अन्य फुटकर व्यापार करने वालों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भगाने को लेकर शनिवार को जमकर आक्रोश देखा गया। आक्रोशित फुटकर व्यापारियों ने शनिवार दोपहर अर्द्धनग्न होकर नगर निगम के सामने प्रदर्शन करने के साथ भेदभाव तरीके से बाजार बैठक की रसीद काटने का आरोप लगाते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए।

शनिवार दोपहर मित्र निवास रोड, डॉट की पुल एवं पैलेस रोड़ के फुटकर सब्जी विक्रेता सहित अन्य फुटपाथ पर रोजगार करने वाले एकजुट होकर नगर निगम के सामने गांधी उद्यान पहुंचे। यहां पर बीच सड़क पर पुरुष फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने अर्द्धनग्न होकर नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रभारी स्वास्थ अधिकारी जी के जायसवाल सहित अन्य अमला जब इनसे चर्चा करने पहुंचा, तो काफी नाराजगी देखने को मिली। स्टेशन रोड़ पुलिस से मौके पर बल भी पहुंचा। फुटकर सब्जी विक्रेताओं की नाराजगी है कि उनके साथ आए दिन अभद्रता करने के साथ नगर निगम की ओर से मिश्रा द्वारा मारपीट की जाती है।

नियमानुसार बाजार बैठक की रसीदें भी नहीं काटी जाती। किसी से 10 रुपए लिए जाते हैं, तो किसी से 20 और 50 रुपए तक वसूल लिए जाते हैं। प्रभारी स्वास्थ अधिकारी जायसवाल ने कॉन्वेंट स्कूल की बाउंड्रीवॉल के बाहर ( आनंद कॉलोनी मार्ग ) सब्जी विक्रेताओं को बैठने की अनुमति जारी की। इस दौरान सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि त्यौहार के समय फुटकर सब्जी विक्रेताओं को परेशान करना और भू-माफिया सहित बड़े-बड़े कब्जेधारियों को छोड़ना न्याय संगत नहीं है।

प्रसारण 31/10/21

# फल-सब्जी व फुटकर विक्रेताओं ने अर्द्धनग्न होकर किया प्रदर्शन



सड़क पर अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन करते हुए फल व सब्जी विक्रेता। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में डाट की पुल व मित्र निवास रोड सहित अन्य स्थानों पर सड़क किनारे बैठकर व हाथ ठेले लगाकर सब्जी, फल व अन्य सामान बेचने वालों को निगम अमले ने हटा दिया है। इससे आक्रोशित लोगों ने शनिवार को नगर निगम के सामने अर्द्धनग्न होकर जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए त्योहार के समय परेशान करने के आरोप लगाए। सूचना पर पुलिस व निगम अधिकारियों ने समझाइश देकर मामला शांत कराया।

**विरोध**

- सब्जी, फल व अन्य सामान बेचने वालों को हटाने पर रोष जताया
- पुराने स्थान पर यथावत रखने की मांग की

प्रभारी स्वास्थ अधिकारी जीके जायसवाल सहित अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कान्वेंट स्कूल की बाउंड्रवाल के पास आनंद कालोनी मार्ग पर सब्जी व फल विक्रेताओं के बैठने (दुकान लगाने) की व्यवस्था की गई है, इधर प्रदर्शन करने वाले फेरीवालों व फुटकर विक्रेताओं का कहना था कि शहर में अन्य मार्गों पर फेरी लग रही है, लेकिन डाट की पुल, मित्र निवास रोड पर ही सख्ती की जा रही है। त्योहार के समय भी रोजगार नहीं करने दिया जा रहा है। वहीं बाजारों में भेदभाव तरीके से बैठक रसीद बनाई जाती है। दिनभर में वे दो-तीन सौ रुपये ही मुश्किल से कमा पाते हैं। जहां दुकान लगाने की अनुमति जारी की गई है, वहां व्यापार कम होता है। पुरानी व्यवस्था यथावत रखी जाए।

नईदुनिया 31/10/21

एक घंटे प्रदर्शन के बाद मिली नई जगह

# खोमचे वालों को हटाया, किया अर्द्धनग्न प्रदर्शन



रतलाम. शहर के विभिन्न क्षेत्र में बन रहे सिटीफोरलेन क्षेत्र में वर्षों से जमे हुए खोमचे वालों को नगर निगम ने हटाना शुरू कर दिया है। उन्होंने शनिवार को एक घंटे तक नगर निगम में अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। तत्कालीक रुप से मित्र निवास रोड से कालिका माता मंदिर जाने वाली स्कूल की सड़क को कारोबार के लिए मंजूरी दी है।

डाट की पुलिया, मित्रनिवास रोड, पैलेस रोड सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रो में सब्जी, फल सहित अन्य प्रकार के सामाग्री के ठेलों पर कारोबार होता है। निगम ने इनको हटाना शुरू कर दिया है। इसी से छोटे कारोबारी नाराज होकर निगम दोपहर 1 बजे पहुंचे व प्रदर्शन शुरू कर दिया। इनसे बात करने निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जायसवाल आए तो नाराजी देखकर पुलिस बुलाई गई। दोपहर एक बजे से विरोध प्रदर्शन चल रहा था। जब कोई अधिकारी इनकी सुनने नहीं पहुंचा तो सभी कारोबारी नगर निगम के सामने बने हुए महात्मा गांधी उद्यान के सामने चले गए व वहां पर सड़क पर होकर प्रदर्शन करने लगे। इस बीच निगम के अधिकारी जायसवाल पहुंचे व आंदोलन करने वालों से बात की। कारोबारियों ने बताया कि वे छोटे व्यापार करते हैं। दीपावली के समय उनको हटाना न्यायसंगत नहीं है।

## अब यहां दी जगह

मित्रनिवास रोड पर जो कारोबारी खड़े रहते थे अब उनको मित्रनिवास रोड से कान्वेंट स्कूल होते हुए कालिका माता मंदिर जाने वाली सड़क पर कारोबार की मंजूरी दी गई है। सोमवार से जब स्कूल खुलेंगे, तब ठेलों के चलते जाम के हालात होंगे, इस पर फिलहाल विचार नहीं किया गया है। पत्रिका

पत्रिका 31/10/21

# दुकानें हटाईं तो अर्द्धनग्न होकर निगम के सामने किया प्रदर्शन



रतलाम| मित्र निवास रोड, डॉट की पुल पर फल, सब्जी सहित अन्य फुटकर दुकानें हटाने से फुटकर दुकानदार नाराज हो गए और शनिवार दोपहर अर्द्धनग्न होकर निगम के सामने प्रदर्शन किया और मुर्दाबाद के नारे लगाए। उन्होंने नगर निगम पर बैठक वसूली की राशि भेदभाव पूर्ण तरीके से वसूलने के आरोप लगाए है। किसी से 10 तो किसी से 20 और किसी से 50 रुपए वसूले जा रहे हैं। जबकि एक समान दर से राशि वसूलना चाहिए। त्योहार के दौरान हमें हटाया है। इससे हम अब कारोबार कैसे करें। इस मौके पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी और पुलिस बल पहुंचा और समझाइश दी। भास्कर

दै. भास्कर 31/10/21



# बाजारों में बिना मास्क की भीड़, कोरोना की आहट से जिला प्रशासन हुआ सख्त

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

कर्नाटक, पश्चिम बंगाल में फिर से लॉकडाउन के साथ इंदौर में कोरोना के नए मरीजों ने जिला प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। दीपावली के लिए बाजारों में बिना मास्क लगाए बैठ रहे व्यापारी और ग्राहकों को लेकर सख्ती शुरू हो सकती है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जनता से कोविड प्रोटोकॉल पालन करने की अपील जारी की है।

कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहारों के दौरान भी मास्क लगाएं। जिनका वैक्सीनेशन ड्यू हो चुका है वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। बाजार में व्यापार व्यवसाय करने वाले लोग बगैर मास्क के दिखाई दे रहे है जो उचित नहीं है। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि वैक्सीनेशन अनिवार्य रूप से करवाएं।

## प्रदेश के स्थापना दिवस पर रतलाम में लगेंगे 40 हजार टीके

रतलाम। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर को रतलाम जिले में कोविड के खिलाफ महाभियान में एक साथ 40 हजार टीके लगाए जाएंगे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 1 नवंबर के लिए प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र के लिए टारगेट निर्धारित करें। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारा टारगेट ग्रुप चिन्हित है। हमें उन तक पहुंचना और वैक्सीनेशन सुनिश्चित करना है। वर्तमान में त्योहार के समय अधिकांश लोग अपने घरों पर ही होते हैं। ऐसे में टीकाकरण के लिए प्रेरित करना और भी आसान है।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपद सीईओ, सीडीपीओ के साथ मिलकर प्लानिंग करें। अगले 2 दिन में अपनी योजना को अंतिम रूप दें और लक्ष्य को पाने के लिए जुट जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, जावरा, आलोट, रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना के अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी मौजूद थे।

दबंग

दबंग दुनिया 31/10/21

# त्योहार के दिनों में भी कोरोना गाइड लाइन का पालन करें- कलेक्टर



रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहार के दौरान कोरोना गाइड लाइन का पालन करें। मास्क लगाए तथा सभी को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने जारी एक वीडियो में नागरिकों से यह अपील की। उन्होंने कहा कि जिनका वैक्सीनेशन बकाया है वे वैक्सीनेशन अवश्य करवाए। बाजार में व्यापार व्यवसाय करने वाले लोग बगैर मास्क के दिखाई दे रहे है जो उचित नहीं है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वैक्सीनेशन अनिवार्य रूप से करवाए तथा कोरोना गाईड लाईन का पुरी तरह से पालन करें।

स्वदेश

स्वदेश 31/10/21

# त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतें, मास्क लगाएं, वैक्सीनेशन करवाएं

## कलेक्टर ने की नागरिकों से अपील

[illegible]

रतलाम । कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहारों के दौरान कोरोना गाइड़ लाइन का पालन करें । मास्क लगाएं तथा सभी को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें। जिनका वैक्सीनेशन ड्यू हो चुका है वैक्सीनेशन अवेश्य करवाएं। बाजार में व्यापार व्यवसाय करने वाले लोग बगैर मास्क के दिखाई दे रहे हैं जो उचित नहीं है। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि वैक्सीनेशन अनिवार्य रूप से करवाएं।

स्वतंत्र [illegible] 31/10/21

# कौशल प्रशिक्षण के बाद युवाओं का प्लेसमेंट सुनिश्चित करें : कलेक्टर

सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम

## एनयूएलएम के तहत जिले के 2280 युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत होने वाले कौशल प्रशिक्षण के लिए सभी युवाओं का चयन गंभीरता से किया जाए। उन्हें निर्धारित मॉड्यूल अनुसार प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षण औपचारिक न हो, जरूरतमंद युवाओं को इनमें सम्मिलित किया जाए। प्रशिक्षण के उपरांत उनका प्लेसमेंट सुनिश्चित करें।

कलेक्टरेट सभाकक्ष में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कौशल प्रशिक्षण हेतु आयोजित बैठक में प्रशिक्षण प्रदान करने वाली चयनित संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि चिन्हित सेक्टर में प्रशिक्षण इस प्रकार दिया जाए कि सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों के युवाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षणार्थियों के चयन का कार्य स्वयं की निगरानी में करें। पात्र युवाओं को प्राथमिकता मिले, जरूरतमंद व्यक्ति इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़ा हो सके यह सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से उसे इतना सशक्त बना दें कि वह प्रशिक्षण के बाद कुछ कमा सके। उन्होंने कहा कि अगले 3 दिन में अपने क्षेत्र में सेक्टर अनुसार बच्चों का चयन करें। उनकी ट्रेनिंग नवंबर माह में प्रारंभ हो जाए, यह सुनिश्चित करें और ट्रेनिंग के उपरांत प्लेसमेंट मार्च तक सुनिश्चित हो। बैठक में प्रशिक्षण हेतु चयनित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण के कार्यविधि की जानकारी दी। जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि प्रशिक्षण के तहत हितग्राही 18 से 35 वर्ष की आयु का शहरी गरीब, विद्यालय ड्रॉपआउट हो सकता है। हेल्थकेयर, आईटी, फूड प्रोसेसिंग, रिटेल एवं अन्य निर्धारित प्रत्येक कोर्स के लिए शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है।

सिंघम

सिंघम 30/10/21

# कौशल प्रशिक्षण के बाद युवाओं का प्लेसमेंट सुनिश्चित करें -कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम

## एनयूएलएम के तहत जिले के 2280 युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत होने वाले कौशल प्रशिक्षण के लिए सभी युवाओं का चयन गंभीरता से किया जाए। उन्हें निर्धारित मॉड्यूल अनुसार प्रशिक्षित किया जाए । प्रशिक्षण औपचारिक न हो, जरूरतमंद युवाओं को इनमें सम्मिलित किया जाए । प्रशिक्षण के उपरांत उनका प्लेसमेंट सुनिश्चित करें। कलेक्टरेट सभाकक्ष में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कौशल प्रशिक्षण हेतु आयोजित बैठक में प्रशिक्षण प्रदान करने वाली चयनित संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि चिन्हित सेक्टर में प्रशिक्षण इस प्रकार दिया जाए कि सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों के युवाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षणार्थियों के चयन का कार्य स्वयं की निगरानी में करें। पात्र युवाओं को प्राथमिकता मिले, जरूरतमंद व्यक्ति इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़ा हो सके यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से उसे इतना सशक्त बना दें कि वह प्रशिक्षण के बाद कुछ कमा सके। उन्होंने कहा कि अगले 3 दिन में अपने क्षेत्र में सेक्टर अनुसार बच्चों का चयन करें । उनकी ट्रेनिंग नवंबर माह में प्रारंभ हो जाए, यह सुनिश्चित करें और ट्रेनिंग के उपरांत प्लेसमेंट मार्च तक सुनिश्चित हो। बैठक में प्रशिक्षण हेतु चयनित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण के कार्यविधि की जानकारी दी। जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री अरुण पाठक ने बताया कि प्रशिक्षण के तहत हितग्राही 18 से 35 वर्ष की आयु का शहरी गरीब, विद्यालय ड्रॉपआउट हो सकता है। हेल्थकेयर, आईटी, फूड प्रोसेसिंग , रिटेल एवं अन्य निर्धारित प्रत्येक कोर्स के लिए शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है।

स्वतंत्र

स्वतंत्र एलान 31/10/21

## एक नवंबर को चालीस हजार टीकाकरण का लक्ष्य रखें -कलेक्टर

रतलाम । कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वैक्सीनेशन प्रोग्राम में अपनी पूर्ण सहभागिता करें। एक नवंबर को जिले में 40 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि 1 नवंबर के लिए प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र के लिए टारगेट निर्धारित करें और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारा टारगेट ग्रुप चिन्हित है हमें उन तक पहुंचना है और वैक्सीनेशन सुनिश्चित करना है। वर्तमान में त्योहार के समय अधिकांश लोग अपने घरों पर ही होते हैं ऐसे में टीकाकरण के लिए प्रेरित करना और भी आसान है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपद सीईओ, सीडीपीओ के साथ मिलकर प्लानिंग करें। अगले 2 दिन में अपनी योजना को अंतिम रूप दें और लक्ष्य को पाने के लिए जुट जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य, जावरा, आलोट, रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना के अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर नानावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

सांध्य 30/10/21

## एक नवंबर को चालीस हजार टीकाकरण का लक्ष्य रखें : कलेक्टर

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वैक्सीनेशन प्रोग्राम में अपनी पूर्ण सहभागिता करें। एक नवंबर को जिले में 40 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि 1 नवंबर के लिए प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र के लिए टारगेट निर्धारित करें और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारा टारगेट ग्रुप चिन्हित है हमें उन तक पहुंचना है और वैक्सीनेशन सुनिश्चित करना है। वर्तमान में त्योहार के समय अधिकांश लोग अपने घरों पर ही होते हैं ऐसे में टीकाकरण के लिए प्रेरित करना और भी आसान है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपद सीईओ, सीडीपीओ के साथ मिलकर प्लानिंग करें। अगले 2 दिन में अपनी योजना को अंतिम रूप दें और लक्ष्य को पाने के लिए जुट जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य, जावरा, आलोट, रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना के अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर नानावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

इन्दौर समाचार 31/10/21

## एक नवंबर को चालीस हजार टीकाकरण का लक्ष्य रखें -कलेक्टर

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वैक्सीनेशन प्रोग्राम में अपनी पूर्ण सहभागिता करें। एक नवंबर को जिले में 40 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि 1 नवंबर के लिए प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र के लिए टारगेट निर्धारित करें और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारा टारगेट ग्रुप चिन्हित है हमें उन तक पहुंचना है और वैक्सीनेशन सुनिश्चित करना है। वर्तमान में त्योहार के समय अधिकांश लोग अपने घरों पर ही होते हैं ऐसे में टीकाकरण के लिए प्रेरित करना और भी आसान है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपद सीईओ, सीडीपीओ के साथ मिलकर प्लानिंग करें। अगले 2 दिन में अपनी योजना को अंतिम रूप दें और लक्ष्य को पाने के लिए जुट जाएं।

बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, जावरा, आलोट, रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण, सैलाना के अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर नानावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

स्वदेश 31/10/21